LOK SABHA DEBATES

Vol. LV | First Day of the Fifteenth Session of the Fifth Lok Sabha | No. 1

LOK SABHA

Monday, January 5, 1976/Pausa 15 1897 (Saka)

The Lok Sabha met at fifteen minutes past Twelve of the clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

ANNOUNCEMENT RE. RESIGNATION BY DR. G. S. DHILLON FROM THE OFFICE OF THE SPEAKER

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have to inform the House that Dr. G. S. Dhillon has resigned the office of the Speaker of Lok Sabha on the 1st December, 1975 at 7 A.M.

MEMBER SWORN

SHRI S. K. RAI (Sikkim)

12.16 hrs.

PRESIDENT'S ADDRESS

SECRETARY-GENERAL: I beg to lay on the Table a copy of the President's Address to both Houses of Parliament assembled together on the 5th January, 1976.

President's Address

माननीय सदस्यगण,

मैं बहुत खुशी से आप सब का स्वागत करता हूं, खास कर सिक्किम के नुमाइन्दों का जो मई 1975 में भारतीय यूनियन का 22वां राज्य बना । सरकार की यह कोशिश होगी कि इस पिछड़े पहाड़ी राज्य का तेजी से विकास हो ।

2. पिछले साल, सरकार की मजबूत कार्रवाई की वजह से अर्थ-व्यवस्था में अच्छे नतीजों का जिक्र करते हुए मैं आपका ध्यान कुछ जमातों की उन कोशिशों की तरफ भी दिलाया था जो मौजूदने निजाम और संस्थाओं को छिन्न-भिन्न करना चाहती थीं जिससे देश की तरक्की और पायेदारी को खतरा पैदा हो गया था । मैंने उनसे अपील की थी कि तबदीलियां गाने के लिए वे बात-चीत का रास्ता अपनायें और सुधार के लिए तजवीजों का स्वागत किया था । मुझे अफसोस है कि इस अपील पर कोई तवज्जो न दी गई । कुछ जमातें और ऐसे लोग, जिनके विचार एक दूसरे से बिल्कुल अलग थे, देश के आर्थिक और राजनीतिक जीवन में रुकावट डालने के लिए आपस में मिल गये । उन्होंने लोगों के मन में गलतफहमी पैदा करने और बदअमनी फैलाने के लिए हर मौके का गलत फायदा उठाना चाहा । उनकी इन कार्रवाइयों से देश को अन्दरूनी सलामती बड़े खतरे में पड़ गई थी । उनका मकसद था कि किस तरह आर्थिक अपराध रोकने, पैदावार बढ़ाने और बढ़ती हुई इन्फलेशन पर काबू पाने, माल को सही ढंग और तेजी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने, अर्थ-व्यवस्था को पायेदार बनाने और लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार की जोरदार कोशिशों को नाकाम बनाया जाये । देश के हित में कड़ा और फैसलाकुन कदम उठाना लाजमी हुआ ।

3. 25 जून, 1975 के इमरजेंसी के एलान, 1 जुलाई, 1975 की 20 सूत्री